हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026

06 आंगनबाड़ियां मिलीं बंद, लापरवाही बरतने वाली...



07 गहोई समाज ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर...



समाचार संक्षेप

7 अगस्त से 8 जनवरी तक चलेगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

गुना। जिले में 7 अगस्त से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुरू होगा। आगामी 8 जनवरी 27 तक संचालित होने वाले इस अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, मुख्य सचिव व राज्य शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संभागीय कमिश्नर व जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण नियमित रूप से मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित होने जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शुक्रवार को सामूहिक रूप से मैदान में पहुंचकर जन समस्याओं का समाधान करें।

श्रावण मास का पहला सोमवार आज निकलेगी पालकी यात्रा

गुना। भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना व आराधना के पवित्र श्रावण मास की शुरुआत हो चुकी है और आज सावन माह के प्रथम सोमवार को शहर सहित अंचल भर के शिवालयों एवं शिव गुफाओं पर शिव भक्तों का तांता लगेगा। इस मौके पर कल 3 अगस्त को पुरानी गल्ला मंडी प्रांगण में विराजमान भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से शिव दर्शन पालकी यात्रा निकाली जाएगी। श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में निरंतर 27 वें वर्ष निकाली जाने वाली यात्रा की तैयारियां अंतिम दौर में है। समिति के मुताबिक पालकी यात्रा दोपहर 1 बजे शुरु होगी जो सुभाष कॉलोनी, तेलघानी चौराहा, हनुमान चौराहा, हाटरोड, सराफा बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, मानस भवन, जयस्तम्भ चौराहा, जाट मोहल्ला, मंदिर घाट आदि मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न होगी। मंदिर समिति ने सभी धर्म प्रेमी नागरिकों से पालकी यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

मंगल भवन परिसर में 11 से 17 अगस्त तक शिव पुराण का आयोजन

राघौगढ़। नगर में पहली बार मंगल भवन परिसर में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक संगीत में श्री शिव पुराण का आयोजन किया जा रहा है। मातृ शक्ति महिला मंडल एवं प्रभात फेरी मंडल के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित कैलाश नारायण महाराज मानस महल देवी कला जिला सागर के मुख्र बिंदु शिव पुराण कथा सुनाई जाएगी। 11 अगस्त को सुबह 9 बजे शोभा यात्रा अखाड़ा मंदिर से निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरेगी देव आवाहन एवं कथा प्रारंभ किया जाएगा। शिव विवाह के दिन शिव बारात का आयोजन होगा और नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं प्रतिदिन पार्थिव पूजन रूद्र महा अभिषेक सुबह 8 से 12 तक का आयोजन होगा शिव पुराण कथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

सड़क निर्माण के लिए रहवासियों की बैठक हुई, आंदोलन की तैयारी

गुना। रविवार को कैंट क्षेत्र में खेजरा रोड संघर्ष समिति के बैनर तले गुलाबगंज एवं खेजरा रोड सहित अन्य स्थानीय लोगों की वृहद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय दुकानदार व अन्य व्यापारी एवं ईंट उद्योग से जुड़े लोग भी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि बीते एक वर्ष से सड़क पूरी तरह खस्ताहाल है और कैंट चौराहे से लेकर ग्वालियर रेलवे लाइन फाटक तक सड़क गड्ढों में तब्दील है, जिससे इस मार्ग से आवागमन करने वाले आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के साथ स्थानीय लोग परेशान हैं।

तिरंगा यात्रा में निकली भारत माता की झांकी, नन्हीं वीरांगनाओं ने दिखाया शौर्य



गुना। आजादी के पर्व 15 अगस्त के पूर्व सद्भावना और भाई चारा कायम करने के उद्देश्य से रविवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणीसेना द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर के मुख्य मार्गो से जब यात्रा निकली तो नागिरकों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। यात्रा में करणीसेना के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में निकाली गई भारत माता की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही, वहीं नन्ही बालिकाओं द्वारा किया गया शौर्य प्रदर्शन आमजन के लिए प्रेरणादायी रहा।

ब्याज और सूदखोरी से त्रस्त युवक ने जहर खाकर दी जान

मौत से पहले बनाया वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सिरसी थाना अंतर्गत एक युवक ने सुदखोरी से त्रस्त आकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। दरअसल ब्याज और मूल राशि लौटाने के बाद भी युवक को उसकी करीब एक किलो चांदी नहीं लौटाई जा रही थी। बीते एक साल से वह परेशान था। 18 जुलाई को मामले में सिरसी थाने में शिकायती आवेदन भी दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होते देख युवक ने गत दिवस जहरीला पदार्थ खा लिया और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम तिलवाड़ा निवासी मनोज पुत्र हरिचरण राठौर (38) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद मामले में मृतक का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जो जहर खाने के बाद का बताया जा रहा है और इसमें मनोज राठौर ने आरोप लगाया है कि मारकीमहू के एक डॉक्टर दारा सिंह के पास उसने 20 हजार रुपए लेकर अपनी 960 ग्राम चांदी गिरवी रखी थी। एक साल पहले ब्याज और 25 हजार रुपए पूरे लौटा दिए थे, लेकिन दारा सिंह द्वारा उसकी चांदी नहीं लौटाई जा रही थी और रोज आज-कल के बहाने बनाए जा रहे थे। मामले में 18 जुलाई को सिरसी थाने में शिकायती आवेदन भी दिया गया था। मृतक ने जहर खाने के पीछे वायरल वीडियो में संबंधित सूदखोर के साथ अपने दामाद को भी जिम्मेदार ठहराया है। उसने कहा कि दामाद ने बेटी को छोड़ दिया, इससे भी परेशान है।

जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों ने भी बताया कि मनोज की बेटी का ससुराल खिरिया केलवाड़ा राजस्थान में है। शादी के बाद सब ठीक था, लेकिन डिलेवरी होने और बेटी के जन्म के बाद ससुरालियों का व्यवहार बदल गया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। एक-डेढ़ महीने से बेटी अपने मायके में रह रही है। इससे भी मृतक मनोज राठौर परेशान रहता था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने संबंधितों के बयानों को भी दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाही करने का आश्वासन भी दिया।



जमीनी विवाद में खेत पर दंपती से मारपीट

गुना। बमोरी थाना अंतर्गत जमीनी विवाद में खेत पर एक दंपती से मारपीट का मामला सामने आया है। घायल पति-पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के लोगों पर ही मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती भूराखेड़ी निवासी रामविलास लोधी एवं उनकी पत्नी राजवाई लोधी ने बताया कि हमारी पेतृक जमीन है, जिस पर हम वर्षों से खेती करते चले आ रहे हैं। लेकिन अब परिवार के ही कुछ लोग उस पर अपना हक जताकर जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने एकराय होकर हमारे साथ मारपीट कर दी। राजबाई लोधी ने परिवार के ही हरिचरण, मनोज, विशाल, राजपाल और गोलू आदि पर मारपीट के आरोप लगाते हुए बताया कि बमोरी थाने में हमारे द्वारा तीन बार शिकायत की गई है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। फिलहाल मारपीट में घायल दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

रात के दौरान गश्त पर निकली जामनेर पुलिस ने की कार्रवाई

पिकअप वाहन से 7 क्विंटल संदिग्ध मावा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं संदिग्ध वाहनों की सघन निगरानी के उद्देश्य से रात्रिकालीन गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं डीएसपी मुख्यालय और प्रभारी एसडीओपी जमीलउद्दीन सिद्दकी के पर्यवेक्षण में जामनेर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज मेहरा एवं उनकी टीम को रात्रि गश्त के दौरान एक सफलता प्राप्त हुई, जहां बिना किसी वैध दस्तावेज के बड़ी मात्रा में परिवहन किया जा रहा करीबन 7 क्विंटल संदिग्ध मावा बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि रात्रि गश्त के दौरान थाना जामनेर पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक MP07 AM 2882 को रोककर उसकी जांच की। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नवल पुत्र रामचरण यादव, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम वरई का होना बताया। जिसके वाहन की तलाशी लेने पर उसमें प्लास्टिक एवं जूट के 23 कट्टों में लगभग 7 क्विंटल मावा कीमती करीबन दो लाख रुपए का भरा हुआ मिला। पुलिस द्वारा मावा के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर चालक कोई संतोषजनक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। दस्तावेजों के अभाव एवं संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मावा सहित पिकअप वाहन को विधिवत जप्त किया।



प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जामनेर पुलिस द्वारा तत्काल खाद्य विभाग को सूचना दी गई।

खाद्य विभाग द्वारा मावा की गुणवत्ता, वैधता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। गुना पुलिस आमजन के स्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों से जुड़े मामलों में पूरी गंभीरता एवं सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। जिले में संदिग्ध खाद्य पदार्थों के अवैध परिवहन, मिलावट एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

गुना का नाम रोशन करने वाले धारावाहिक कलाकार मुकेश आदित्य का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

टीवी धारावाहिकों और फिल्मों में अपने अभिनय से गुना का नाम रोशन करने वाले वरिष्ठ कलाकार मुकेश आदित्य (50) का शनिवार तडक़े हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शहर के कला प्रेमियों और धारावाहिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदीश कॉलोनी स्थित अपने निवास पर मुकेश आदित्य अकेले ही रहते थे। शनिवार, 1 अगस्त की सुबह करीब 5 बजे उन्हें अचानक सीने में



तेज घबराहट और बेचैनी महसूस हुई। इस पर पड़ोस में रहने वाले किराएदारों ने तत्काल उनके रिश्तेदारों और परिचितों को सूचना दी। परिजन उन्हें अविलंब जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद उनका पोस्टमार्टम कराया गया। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो मुकेश आदित्य का जीवन काफी दुखद रहा। कुछ वर्ष पूर्व उनकी पत्नी का निधन हो चुका था, जबकि कोरोना काल के दौरान उन्होंने अपने भाई को भी खो दिया था। उनके कोई संतान नहीं थी, जिससे वे घर में अकेले ही रहते थे। मुकेश आदित्य टीवी जगत का जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल जैसे चर्चित टीवी सीरियलों और प्रसिद्ध फिल्म गंगाजल में महत्वपूर्ण किरदार निभाए थे।

श्रावण मास में शिवमय हुआ भुजरिया तालाब का श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर

पार्थिव शिवलिंग निर्माण और कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर इन दिनों पूरी तरह शिवमय वातावरण में सराबोर है। मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्री शिवमहापुराण कथा का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ निरंतर जारी है। महंत सीताराम दास महाराज एवं महंत राघवेन्द्र दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिवभक्त, माताएं-बहनें और श्रद्धालु भाग लेकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण में सहभागिता कर रहे हैं तथा शिवमहापुराण कथा का रसपान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

शिवमहापुराण कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य नरेंद्र दुबे महाराज भगवान शिव के दिव्य चरित्रों, उनकी करुणा, त्याग, तपस्या और लोककल्याणकारी स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दे रहे हैं। कथा





के दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्रावण मास में पूरी प्रकृति हरियाली से आच्छादित होकर आनंदित हो जाती है, उसी प्रकार भगवान भोलेनाथ की आराधना, पूजन-अर्चन और शिवमहापुराण कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में भी सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति की हरियाली आती है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर है, इसलिए प्रत्येक श्रद्धालु को इस पावन माह में अधिक से अधिक शिव आराधना करनी चाहिए। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान दोपहर से ही श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाता है, जिसमें महिलाएं, पुरुष एवं युवा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। इसके पश्चात सायं 4 बजे से पार्थिव शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन, रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न कराई जाती है, जिससे पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष और शिवभक्ति से गूंज उठता है।धार्मिक आयोजन के आयोजक महंत राघवेन्द्र दास महाराज एवं समस्त शिवभक्त हैं। कार्यक्रम में शिवार्चन एवं वैदिक अनुष्ठानों का आचार्यत्व पंडित श्याम गौतम (कुम्भराज), पंडित रोहित शास्त्री एवं पंडित अनुराग शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।

आयोजन समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण, शिवमहापुराण कथा एवं भगवान भोलेनाथ के पूजन-अभिषेक में सहभागी बनने तथा धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस आयोजन से मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और प्रतिदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या शिवभक्ति के प्रति लोगों की गहरी आस्था का परिचायक है।कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अगस्त को संत समागम, संत दर्शन एवं प्रवचन का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। वहीं 10 अगस्त को हवन, शांति पाठ एवं विशाल भंडारे के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। महंत श्री रामेश्वरदास महाराज, श्री सत्यानंद दास महाराज सहित अनेक संतों का सान्निध्य रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पंडित श्याम गौतम रहेंगे।आयोजन समिति श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं समस्त भक्तगणों ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने अपील की है।

45 मरीजों को मिलेगी नेत्र ज्योति

रोटरी के नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 135 रोगियों का हुआ परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वावधान में कैलाश कुरावर अग्रवाल की माताजी स्मृति शेष चन्द्रकान्ता अग्रवाल (कुरावर) की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल के मार्गदर्शन में रोटरी भवन गुना में आयोजित किया गया। नेत्र शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया की नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डाक्टरों एवं चिकित्सा दल द्वारा 135 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें से 45 मरीजों को मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सद्गुरु सकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया जिनको मिलेगी नेत्र ज्योति। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर कैलाश कुरावर, सचिव शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ रोटेरियन इंजिनियर शिखर चंद जैन, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं संजीव गर्ग, जगमोहन बंसल, प्रवीण सोमानी, मनोज अग्रवाल ने शिविर में उपस्थित रहकर सेवा कार्य किया। शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया की नेत्र शिवर में मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा वितरण के साथ-साथ उनके रुकने एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की गई।

समाचार संक्षेप

मंडी सचिव तिवारी को सेवानिवृत्ति पर एसडीएम ने दी शुभकामनाएं, विदाई समारोह किया आयोजित



आरोन। स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति में सचिव प्रदीप कुमार तिवारी की सेवानिवृत्ति पर मंडी कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसडीएम मंजूषा खत्री विशेष रूप से मौजूद रहीं। विदाई कार्यक्रम में मंडी सचिव प्रदीप कुमार तिवारी का गल्ला व्यापारी संगठन एवं मंडी कर्मचारियों ने शॉल श्रीफल और फूलमालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर एसडीम मंजूषा खत्री ने मंडी सचिव तिवारी को गुलदस्ता देकर सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्यके लिए बधाइयां दी। इस अवसर पर नपा विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन एवं गल्ला व्यापारी मुनेश जैन ने मंडी सचिव ने शुभकामनाएं दी।

डॉ. राजपूत का संकल्प महिलाओं के लिए वरदान, मरीजों का कर रहे निशुल्क इलाज



गुना। शहर के प्रसिद्ध स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत का नवाचार, प्रत्येक रविवार को निशुल्क मरीजों का इलाज करते हैं। बीपीएल कार्ड वाले मरीजों को निशुल्क दवा देते हैं। इस पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है । गुना जिले के अलावा आस पास के पांच जिलों के लोग भी लाभ ले रहे है वो महिलाएं जो पैसे के अभाव में इलाज नहीं ले पाते उनको बहुत लाभ मिल रहा है। अशोक नगर से आईं सुनीता बाई का कहना है ऐसे डॉक्टर वाकई भगवान का रूप होते हैं जो निशुल्क देख रहे हैं और दवा भी मुफ्त मे दे रहे हैं। रविवार को कैंप मे बड़ी संख्या मे मरीजों की भीड़ रही। 100 से अधिक मरीजों का निशुल्क इलाज किया।

सिंधिया फैंस क्लब गुना के जिला अध्यक्ष खालिद खान को पितृ शोक



गुना। सिंधिया फैंस क्लब गुना के जिला अध्यक्ष खालिद खान के पिता हाजी डॉ रशीद खान का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। डॉ खान को सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गुना और आसपास के इलाके में जाना जाता रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने केंट कब्रिस्तान पहुंच कर उनकी अंतिम यात्रा में अपनी हिस्सेदारी दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। अगले दिन भी विभिन्न समाज जनों एवं राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ जनों ने डॉ खान के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके निवास पहुंचकर भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शाहिद खान, मुज़ाहिद खान तथा खालिद खान को सांत्वना दी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

आंगनबाड़ियां मिलीं बंद, लापरवाही बरतने वाली कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में दिनांक 01 अगस्त शनिवार को दिनेश कुमार चंदेल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुना ग्रामीण परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र कुड़ी मंगवार बंद पाया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ऋतु उपाध्याय एवं सहायिका दोनों ही अनुपस्थित थीं, निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र नेगमा पर कार्यकर्ता कृष्णा धाकड़ अनुपस्थित पाई गई, किन्तु सहायिका केंद्र पर बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करते हुए मिलीं एवं आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाएं अच्छी पाई गई तथा आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों द्वारा कविताएं सुनाई गई। सहायिका के कार्यों की सराहना की आंगनवाड़ी केंद्र चक देवपुर में आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ता एवं सहायिका के उपस्थित होने के बाद भी केंद्र पर बच्चों की उपस्थित बच्चों की संख्या कम होने, एवं कार्यकर्ता को पोषण ट्रैकर एवं संपर्क एप का संपूर्ण ज्ञान न होने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा रोष जताया गया एवं निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पाटई पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित मिलीं किंतु केंद्र पर व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई जिस पर चंदेल द्वारा परियोजना अधिकारी दीपा शर्मा एवं पर्यवेक्षक कृष्णा कौशल को आंगनवाड़ी केन्द्र को चाइल्ड फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए आंगनवाड़ी केंद्र गोपालपुरा पर निरीक्षण के समय रेखा धाकड़ कार्यकर्ता बिना सूचना के केंद्र पर अनुपस्थित पाई गईं। सहायिका उपस्थित मिलीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा परियोजना अधिकारी दीपा शर्मा को केंद्र संचालन में लापरवाही बरतने एवं अनुपस्थित रहने वाली कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

महाविद्यालय में नशा मुक्ति राष्ट्रव्यापी अभियान का लाइव प्रसारण किया



ईसागढ़। नशा मुक्ति राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में एक गरिमामय एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के युवा प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान एवं मार्गदर्शन हेतु वरिष्ठ नागरिक कमल सिंह रघुवंशी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ईसागढ़ और मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने कहा नशा नाश की जड़ है। नशा समाज में कई प्रकार की विकृतियों को जन्म देता है, जिससे समाज विनाश की ओर बढ़ता है। देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए युवाओं का नशा मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नशा न करने का संकल्प लिया तथा अपने परिवार और समाज के सदस्य को नशे से दूर रखने का वादा किया।

शिवम बने सूबेदार, कायस्थ समाज राघौगढ़ ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

कायस्थ समाज राघौगढ़ के सांई सिटी कॉलोनी निवासी शिवम श्रीवास्तव का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में सूबेदार के पद पर होने पर कायस्थ समाज राघौगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा उनके निवास पहुंचकर शॉल श्रीफल से सम्मानित किया। ज्ञात रहे की चयन के साथ मध्यप्रदेश में उनका तीसरा स्थान रहा। वह श्री बाबूलाल श्रीवास्तव रजिस्ट्रार कार्यालय के सुपुत्र हैं। शिवम ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा राघौगढ़ में ही की और कड़े संघर्ष और मेहनत से यह सफलता हासिल की जो समाज के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर कायस्थ समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, राम भरोसा सक्सेना, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव,कालीचरण सक्सेना, रवि श्रीवास्तव सहित कायस्थ बन्धु उपस्थित रहे सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद प्रदान किया।

मित्रता दिवसः स्कूल स्टूडेंट एंड फ्रेंड्स ग्रुप ने किया गुरूजनों का सम्मान

दोस्ती का रिश्ता निभाएंगे पेड़ लगाकर, धरती को मुस्काएंगे, इन संकल्प के साथ लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राघोगढ़ स्कूल स्टूडेंट्स एंड फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा मित्रता दिवस व वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राघोगढ़ स्कूल स्टूडेंट्स एंड फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा सभी दोस्तों को एकत्रित कर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करती है कि सभी दोस्त मिलकर अपनी यादों को ताज कर सकें। सभी मित्रों टी-शर्ट सेरेमनी कर एक जैसी वेशभूषा में दिखाई दिए। मित्रता दिवस पर सभी दोस्तों के द्वारा 1000 फलदार वृक्षारोपण किया गया। एक पेड़ हजारों फल देता है। एक दोस्त जिंदगी भर साथ निभाता है। दोस्ती का रिश्ता निभाएंगे पेड़ लगाकर धरती को मुस्कायेंगे । इन संकल्प के साथ सभी दोस्तों ने एक-एक पेड़ लगाए दोस्तों के द्वारा वरिष्ठ गुरुजन रमेश दीक्षित जेपी भार्गव कुमार सीमा श्रीवास्तव पीके जैन वीरेंद्र सेन विपिन बिहारी शर्मा मनीष जैन गुरुजनों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया । गुरुजनों ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को अपना अनुभव बताए एवं नशे से दूर रहने और मोबाइल से दूरियां बनाएं एवं समय पर अपना कार्य करें अनुशासन में रहे। अनेक बिंदुओं पर चर्चा की , राष्ट्रगान गाया गया वंदे मातरम के उपरांत कतारवद्ध होकर फ्लैग मार्च तिरंगे झंडे के सम्मान के साथ निकाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें सभी दोस्तों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर फ्रेंड्स क्लब के सभी मित्रगण मौजूद रहे।

37,800 नकद, 11 मोबाइल, 03 मोटरसाइकिल और ताश की गड्डी जब्त

जुआ के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई 15 जुआरियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना प्रभारी कदवाया ने जुआ के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर 37,800 नगद,11 मोबाइल, 03 मोटरसाइकिल एवं ताश की गड्डी जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि थाना कदवाया को सूचना प्राप्त हुई कि एहसान खान निवासी बाजार कदवाया के घर पर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की तथा दबिश देकर जुआ खेलते हुए एहसान पुत्र बाबू खां, निवासी कदवाया, मुकेश पुत्र गुलाबचंद्र जैन, निवासी कदवाया, सोनू पुत्र देवेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी कदवाया, शहजाद खान पुत्र सलीम खान, निवासी कदवाया, पवन पुत्र तुलाराम कुशवाह, निवासी कदवाया, मजबूत पुत्र कंगलिया जाटव, निवासी कदवाया, गोलू शर्मा पुत्र रामधुन शर्मा, निवासी शकर्रा, प्रवीण जैन पुत्र केशरीचंद्र जैन, निवासी कदवाया, राकेश पुत्र ब्रजेन्द्र शर्मा, निवासी कदवाया, पप्पू उर्फ उस्मान पुत्र बाबू खां, निवासी कदवाया, लखन पुत्र आशाराम लोहार, निवासी कदवाया, विशाल पुत्र बलवीर, निवासी शकर्रा, चैनया पुत्र सुखलाल जाटव, निवासी कदवाया, आशिक पुत्र एहसान खान, निवासी कदवाया एवं एक अन्य आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार किया कर मौके से 37,800 नगद, 11 मोबाइल फोन, 03 मोटरसाइकिल एवं एक ताश की गड्डी जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 106/2026 अंतर्गत धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 112 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के तहत हुई चालानी कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य मार्गों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रविवार को कलेक्टर के निर्देशानुसार अशोकनगर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं मुख्य मार्गों पर कचरे का जमाव रोकने के उद्देश्य से प्रशासनिक टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) इसरार खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं निकाय के अन्य कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान चालानी कार्यवाही की गई। मार्ग का निरीक्षण कर कमियां पाई जाने पर चालान किए गए।

प्रशासनिक टीम ने अशोकनगर शहर के राजमाता चौराहे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए रघुवंशी धर्मशाला होते हुए न्यू बस स्टैंड तक मुख्य मार्गों का जायजा लिया। न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 का उल्लंघन पाया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई। जिसमें दुकानदार सोनू नायक दुकान के सामने डस्टबिन (कचरा पात्र) न रखने पर 500 का चालान किया गया। शराब व्यापारी पीयूष राय मदिरा दुकान के सामने अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर 5000 का चालान किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी व्यापारियों एवं आम नागरिकों को हिदायत दी गई कि कचरा खुले में या सड़कों पर न फेंकें।

जिला स्तरीय विजेताओं को मिला सम्मान

माय भारत अशोकनगर ने की नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को माय भारत केंद्र अशोकनगर ने जिला स्तरीय नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर सभागार मे किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भाजपा रवींद्र लोधी,मुख्य अतिथि, प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर जगदीश शर्मा, विशेष अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोकनगर जिला युवा अधिकारी श्रेया कंदोला द्वारा की गई।

जिले से आये सभी विधाओ के प्रतिभागियो का स्वागत किया गया,जिसमे वाद विवाद,गायन,निबंध, चित्रकला, नुक्कड नाटक, नारा लेखन, रील मेकिंग,लोकनृत्य प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, मेडल भेंट किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रदेश स्तर पर अशोकनगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं ने माय भारत पोर्टल पर नशा मुक्त भारत का प्रण भी लिया। इस विस्तृत अभियान का भव्य समापन 14 अगस्त 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय नशा मुक्ति युवा कॉन्क्लेव के साथ होगा, जहाँ नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने वाले उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। संगीत निखिल सोनी एंड टीम,वाद विवाद सुमित रघुवंशी,चित्रकला हर्ष ओझा,नारा लेखन अंशुमान शर्मा,स्लैम पोएट्री मुस्कान रघुवंशी ,रील मेकिंग केशव एंड टीम को पुरूस्कार प्रदान किए गए।

हाईब्रिड मोड के माध्यम से उर्वरक वितरण हेतु यूरिया की उपलब्धता

अशोकनगर। कृषकों को सूचित किया है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था हाईब्रिड मोड हेतु डबललॉक केन्द्र, सेवा सहकारी समितियों, निजी विक्रेताओं पर 3अगस्त को केन्द्रवार यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। संस्थान मार्कफेड मुंगावली में यूरिया 110 मे.टन मार्कफेड पिपरई 100,सेवा सहकारी समिति अशोकनगर 6.84, सेवा सहकारी समिति ईसागढ़ 35.32,सेवा सहकारी समिति कचनार,3.15, सेवा सहकारी समिति कोहरवास 4.36,सेवा सहकारी समिति रिजौदा,5.67, सेवा सहकारी समिति ऊमरी 3.15, सेवा सहकारी समिति महिदपुर 12.78, सेवा सहकारी समिति महोली,18.90, सेवा सहकारी समिति इंगासरा 15.70, सेवा सहकारी समिति सहराई 26.36,सेवा सहकारी समिति गदूली 5.26, सेवा सहकारी समिति नरखेडा 3.00, सेवा सहकारी समिति मल्हारगढ़,5.49, सेवा सहकारी समिति पिपरई 20.65, सेवासहकारी समिति सिंघाड़ा,16.29, सेवा सहकारी समिति खोरीबरी 15.48,सेवा सहकारी समिति भरियाखेड़ी 6.435,,सेवा सहकारी समिति छेवलाई 5.94,सेवा सहकारी समिति बमोरी,4.99, सेवा सहकारी समिति रातीखेड़ा 30.00,सेवा सहकारी समिति अधाईखेड़ा 2.47,सेवा,सहकारी समिति बरखेड़ा 7.00,सेवा सहकारी समिति हिनोतिया 2.97,सेवा सहकारी समिति ढाकोनी 24.97,सेवा सहकारी समिति महुअन 44.36 मेंट्न,सेवा सहकारी समिति तूमैन 2.83,सेवा सहकारी समिति पारसौल 15.00, सेवा सहकारी समिति रामनगर,21.32, सेवा सहकारी समिति झागर बमूरिया,3.55,सेवा सहकारी समिति मूड़रा बहादरा 10.62,न्यू किसान एग्रो सेल्स रिलाइंस मॉल के पास अशोकनगर 25.00,पालीवाल ट्रेडर्स अशोकनगर,15.75, भारत खाद भंडार अशोकनगर 6.75,साई कृषक सेवा केंद्र अशोकनगर 46.20 मेंट्न उपलब्ध है।

शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा

चंदेरी शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु भारी वाहनों के प्रवेश पर समयबद्ध प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चंदेरी शहर में बढ़ते यातायात दबाव एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिदिन प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक प्रतिबंध लागू किया गया है।

उक्त व्यवस्था पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतरसिंह कनेश के मार्गदर्शन में एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा, तहसीलदार चंदेरी दिलीप दरोगा एवं थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव की उपस्थिति में प्रभावी रूप से लागू कराई गई। दिनांक 02.08.2026 को चंदेरी शहर के तहसील तिराहा एवं मुंगावली चुंगी नाका पर प्रवेश निषेध संबंधी सूचना बोर्ड एवं बैरिकेडिंग स्थापित कर भारी वाहनों के प्रवेश को निर्धारित समयावधि में प्रतिबंधित किया गया। इन वाहनों को चंदेरी बायपास मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा, आवागमन सुगम बनेगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है।

इस कार्यवाही के दौरान एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा, तहसीलदार चंदेरी दिलीप दरोगा, थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव सहित चंदेरी थाना पुलिस का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अशोकनगर पुलिस सभी नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील करती है कि वह जनहित में लागू इस यातायात व्यवस्था का पूर्ण सहयोग करें। निर्धारित डायवर्जन मार्गों का पालन करें, पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करें तथा प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों को शहर में प्रवेश कराने का प्रयास न करें। यह व्यवस्था आमजन की सुरक्षा, सुगम यातायात एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से लागू की गई है। किसी भी असुविधा के लिए पुलिस प्रशासन खेद व्यक्त करता है तथा नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है।



निरीक्षण दल ने गौ शालाओं का किया निरीक्षण

अशोकनगर। रविवार को गौ सेवा निरीक्षण दल द्वारा अशोकनगर जिले की कई गौशालाओं में जाकर औचक निरीक्षण किया। जो कमियां, अव्यवस्था पाई गई उनको उजागर कर संबंधित अधिकारियों से बात की। उनके सुधार के लिए और व्यवस्था के लिए जो भी गौ सेवा औचक निरीक्षण दल की ओर से सहयोग बना, वह सहयोग किया, साफ सफाई और सेवा की। इसी दौरान नगेश्री पंचायत की गौशाला में औचक निरीक्षण दल के सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया । इस दौरान गौ सेवा औचक निरीक्षण दल के सदस्य वपिन पलिया गुरु, केपी यादव सेमरा पहाड़, सत्येंद्र रघुवंशी, शादाब खान, नीलेश यादव, अनिल त्यागी, आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका ने अमृत महाअभियान के तहत किया 2100 पौधों का रोपण



अशोकनगर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नगर के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा अमृत महा अभियान के अंतर्गत श्री शिव टोरिया एवं टिंचिंग ग्राउंड परिसर में 2100 पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदगण, एल्डरमैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत जामुन, आम, अमरूद, शीशम सहित विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इन पौधों के विकसित होने से आने वाले वर्षों में शहर का हरित क्षेत्र बढ़ेगा, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण के साथ छाया एवं फलों का भी लाभ प्राप्त होगा। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर नगर को हराभरा और प्रदूषणमुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

खबर संक्षेप

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगावार निवासी लालसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण यादव और हल्के रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मदऊखेडी निवासी अजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धनीराम, छोटू और रामगोपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तमाशा निवासी माजिद अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फैजान अली, शहवाज अली, वाहिद अली अयूब अली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत बदिया पुलिया के पास वाहन क्रमांक एमपी 67 जेडसी 3185 के अज्ञात चालक ने कमल किशोर पुत्र चिरौंजीलाल कुशवाह उम्र 45 साल निवासी खिरिया मह् को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। घायल का उपचार किया जा रहा है।

होदी में करंट लगने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम गणेशखेडा निवासी रामोबाई पत्नि कल्याण आदिवासी उम्र 50 साल, भूपेन्द्र महाराज की गौशाला आकलोन में होदी में से पीने का पानी भर रही थी तभी उसे करंट लग गया जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

विद्युत पोल व डीपी पर लगा एल्यूमीनियम का तार चोरी

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत विधुत वितरण कंपनी शहर अशोकनगर के कनिष्ठ यंत्री उज्जवल बांरगे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरखेडी क्षेत्र छैलाबाग के अशोकनगर फीटर से 1 जून से 1 अगस्त के बीच में अज्ञात आरोपी द्वारा विधुत पोल व डीपी पर स्थापित 7 स्पाइन का लगा 15 मीटर एल्युमीनियम कंडक्टर तार चोरी कर लिया, जिसकी कीमत 90 हजार रूपए है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

रघुवर छाया अभियान के तहत किया पौधारोपण

अशोकनगर। मध्यप्रदेश अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद की युवा इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रविवार सुबह 10 बजे रघुवर छाया अभियान के अंतर्गत जिले में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत समाज जनों ने अशोकनगर स्थित रघुवंशी धर्मशाला मंदिर परिसर में बरगद, नीम, अमरूद, जामुन और पीपल के पौधे लगाए। इसके साथ ही महाकाल धाम डूंगासरा के मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं शाढ़ौरा जागरण गौशाला में पौधारोपण कर गौ-सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी, विजय रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिक्षक माधव सिंह रघुवंशी करैया, डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, अमर सिंह पिपरेसरा, सचिन कवीरा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अमित रघुवंशी, रघुवर छाया अभियान प्रभारी दिलीप डंगौरा, शिवा करैया, प्रभारी रवि, योगेश डूंगासरा, डॉ नितिन, विजय प्रभारी शाढ़ौरा, अशोकनगर से मोनू, संदीप डंगौरा, अशोक वमूरिया, विनोद, अंकित, सुरेन्द्र धतूरिया, नवल मुहांसा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। युवा अध्यक्ष चंद्रशेखर रघुवंशी ने कहा कि रघुवर छाया है अभियान का उद्देश्य हर मंदिर, धाम और सार्वजनिक स्थल को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण और संस्कृति दोनों की रक्षा करना है। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से इस अभियान में सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी ने पौधों की देखभाल और जल संरक्षण का संकल्प भी लिया।

जिला अस्पताल में श्वान के काटने के 35 मामले हर दिन

जिले में सर्प और श्वान का आंतक, अब तक सर्प दंश से हो चुकी हैं कई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्वानों के खिलाफ अभियान चलाने की उठी मांग



जिले में इन दिनों सर्प और श्वान का आंतक बना हुआ है, हर रोज जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में इनके काटने से प्रभावित मरीज पहुंच रहे हैं। कई मरीजों को तो रैफर करना पड़ रहा है। सर्प दंश के मामलों में सबसे ज्यादा बच्चों की मौत हो रही है। नगरीय संस्थाओं को चाहिए कि स्वानों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हे बाहर छोड़ा जाए। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर ने बताया कि जिला अस्पताल में श्वान के काटने के मामले प्रतिदिन 35 आ रहे हैं। जिन्हे रेबीज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। इस मौसम में श्वानों का आंतक बना हुआ है, शहर से लेकर गांव तक के मरीज श्वान के काटने के बाद जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। जितना श्वानों के काटने का प्रभाव लोगों में देखने को मिल रहा है।

सर्प दंश के मामलों में अंध विश्वास अब भी हावी

इसी तरह सर्प दंश के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं, सर्प दंश का जहर इतना जहरीला है कि अस्पताल में उपलब्ध दवाएं भी या तो काम नहीं कर पा रही हैं या फिर मरीज अस्पताल में आने से पहले झाड़फूंक जैसे अंध विश्वासों में लग जाता है, देरी होने से जहर मरीज के शरीर में फैल जाता है, मरीज वहीं बच पा रहे हैं जिन्हे कम जहरीले सांप ने काटा है। अब तक जिला अस्पताल में 69 सर्प दंश के मामले आ चुके हैं, जिला अस्पताल का रिकार्ड कहता है कि इसमें दो लोगों की मौत हो चुकी है, दो को रैफर किया गया है, जबकि अशोकनगर अस्पताल की पुलिस चैकी में सर्प दंश की घटनाओं में मरने वालों की संख्या में मर्ग के मामले अधिक आ रहे हैं।

मौसमी बीमारियों के बाद ओपीडी में मरीजो की संख्या बड़ी

जिला अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में 1000 से अधिक मरीज आ रहे हैं, शुक्रवार और शनिवार को इन मरीजों को आंकड़ा 1100 और 1000 रहा। मौसमी बीमारियां भी मरीजों पर विपरीत प्रभाव डाल रहीं है, जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों को डॉक्टरों के न मिलने की परेशानी की पीड़ा झेलना पड़ रही है।

डॉक्टर कमी होने से रात और दिन कर रहे हैं डयूटी

जिला अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डॉक्टरों की कमी है उधर दूसरी ओर यह भी देखने मिला कि कई डॉक्टर रात और दिन दोनो डयूटी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें ओपीडी में भी बैठना पड़ रहा है और वार्ड में भर्ती रोगियों को भी देखना पड़ रहा है।

दवा वितरण केन्द्र पर आधी अधूरी दवाएं, मरीज परेशान

जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा मरीजों को जो दवाएं लिखी जाती हैं वह कांउटर पर आधी अधूरी मिल रही हैं, इन दवाओं में कुछ हैं कुछ नहीं है जो दवाएं नहीं है उनके बारे में कहा जाता है कि दवा स्टॉरेज केन्द्र से यह दवा बुलाई गई है जो सोमवार को मिल पाएगी, ऐसा कई मरीजों के साथ होता देखा गया।

जन औषिधी केन्द्र पर दवाएं नहीं मिलती, कोई देखने वाला नहीं

उधर डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल में दवा न होने पर अस्पताल परिसर में चल रहे जन औषिधी केन्द्र से दवा लेने की बात की गई, लेकिन जन औषिधी केन्द्र पर भी दवाएं नहीं मिलीं। जन ओषिधी केन्द्र संचालक का कहना था कि जो दवाएं लिखी गईं हैं वह मंगलवार तक आएगीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश हैं कि जन औषिधि केन्द्र से दवाएं खरीदीं जाएं लेकिन वहां दवाएं ही उपलब्ध नहीं हैं।

कलेक्टर निरीक्षण करने आते हैं लेकिन सिस्टम जस का तस

जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय जिला अस्पताल का दो दिन पहले ही निरीक्षण करने गए थे, लेकिन उनके निरीक्षण में कुछ नहीं मिलता। जो समस्याएं सामने आ रहीं है उन समस्याओं का निदान अस्पताल में नही हो पा रहा है, जिला मुख्यालय का अस्पताल जब खुद बीमार है तो लोगों का इलाज कैसे हो पाएगा। कहीं दवाएं नहीं है तो कहीं डॉक्टर नहीं है यह क्रम हर रोज चल रहा है, लेकिन इस सिस्टम को सुधारने वाला कोई नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी उन मरीजों को होती है जो जिले के 50 किलोमीटर दूर क्षेत्र से यहां पहुंचते हैं।

जिले के अन्य स्थानों पर डॉक्टर और दवा भी फिर भी मरीज रैफर हो रहे हैं

जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या बढ़ने के और भी कारण हैं, जिले में 4 स्थानों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, जिनमें शाढ़ौरा, ईसागढ, मुंगावली और चंदेरी। वहां के डॉक्टरों द्वारा भी मरीजों का उपचार उसी स्थान पर नहीं किया जाकर उन्हें भी अशोकनगर रैफर कर दिया जाता है, जिससे जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। जबकि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन का कहना है कि जो दबाएं यहां के अस्पताल में उपलब्ध हैं, वह दवाएं भी वहां हैं डॉक्टर भी हैं लेकिन उसके बाद भी रैफर किया जा रहा है।

कलेक्टर को प्रशासन के अधिकारियों को हर रोज अस्पताल भेजने की जरूरत

इस तरह की समस्याओं को लेकर लगातार मॉनीटरिंग क जरूरत है। कलेक्टर को अस्पताल का निरीक्षण करने के स्थान पर अपने ही प्रशासन के अधिकारियों को प्रति दिन डे वाय डे अस्पताल की मौनीटरिंग पर लगाया जाना चाहिए ताकि अनियमित्ताओं को रोका जा सके।



हैंडलूम पार्क में शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी चेहल्लुम, रक्षाबंधन और भुजरिया सहित विभिन्न प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को हैंडलूम पार्क में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चंदेरी के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने आगामी पर्वों की व्यवस्थाओं को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।

यातायात व्यवस्था रहा प्रमुख मुद्दा

बैठक में सबसे मुख्य बिंदु चंदेरी नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था का सामने आया। बाजार में आए दिन बड़े भारी वाहनों के प्रवेश से भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके अलावा सुबह के समय स्कूल खुलने के कारण बच्चों के साथ किसी अनहोनी या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जनसुरक्षा और यातायात को सुचारू बनाने के लिए एसडीओपी महेश शर्मा, थाना प्रभारी प्रसाद दुबे और नायब तहसीलदार हिमांशी गुप्ता ने कड़े निर्देश जारी किए सुबह 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों एवं बसों का नगर के भीतर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। शुरुआत में चालकों को समझाकर सहयोग लिया जाएगा, लेकिन नियम का उल्लंघन करने पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

अशोकनगर के तुलसी सरोवर में युवक का शव पानी में उतराता मिला

अशोकनगर। शहर के बीचों बीच बहने वाले तुलसी सरोवर तालाब में एक युवक का शव पानी में अतराता मिला है, जिसकी पहचान गोलू पुत्र गोपाल आदिवासी उम्र 25 साल निवासी मसीदपुर थाना कचनार के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह अशोकनगर में अपनी नानी के घर आया था और कथा सुनने के लिए युगल सरकार मंदिर गया था और प्रसाद लेकर आने की बात कहकर वह वहीं रूक गया और नानी वापिस चली गईं। घर न पहुंचने पर उसकी तलाश की गई लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। बाद में रविवार की सुबह उसका शव तालाब के पानी में रघुवंशी धर्मशाला के समीप अतराता हुआ मिला।



सर्व ब्राह्मण महा पंचायत ट्रस्ट द्वारा 550 प्रतिभावान विद्यार्थियों व 50 से अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान

परशुराम आयोग के अध्यक्ष ने कहा-संयम, अनुशासन और सतत प्रयास से सफलता अर्जित होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट, अशोकनगर द्वारा रविवार को जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 550 प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड, सम्मान-पत्र एवं सम्मान पट्टिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली 50 से अधिक विशिष्ट प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परशुराम आयोग के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी ने की। विशिष्ट अतिथियों में चंद्रसेन भिड़े जिला कार्यक्रम अधिकारी, मधु शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. अलका त्रिवेदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्राची शर्मा जिला खाद्य अधिकारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन,दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु राजोरिया ने अपने संबोदन में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए संयम, अनुशासन और सतत प्रयास सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। ट्रस्ट की ओर से डॉ. दीपक मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उपस्थित विद्यार्थियों एवं समाजजनों को संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों एवं प्रतिभाओं को संस्कारों के साथ आगे बढ़ते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज राष्ट्र के लिए कार्य करता है, केवल जाति के लिए नहीं। राष्ट्रधर्म की रक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्र प्रथम है, इसलिए हमारी संस्कृति और संस्कारों की रक्षा का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को लेना चाहिए।

अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उपाध्यक्ष ओ.पी. शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, हरिओम शर्मा, हरिओम नायक, बाबूलाल शर्मा, आनंद शर्मा (बड़ागांव), संजीव बोहरे, रामकुमार शर्मा, सुनील बोहरे, रोचक नायक, विशाल शर्मा, सूर्य शर्मा एवं बलराम बोहरे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग मोहित वाटिका ईसागढ़ रोड़ अशोकनगर पर सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का प्रारंभ 1 अगस्त को दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुआ और 2 अगस्त को दोपहर बाद समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में पूरे जिले से 150 कार्यकर्ताओ ने प्रशिक्षण लिया जिसमें जिला कार्यकारिणी के सदस्य व जिले की सभी तहसीलों की कार्यकारिणी के सदस्यों ने प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की रीति नीति से संबंधित सभी विषयों पर संगठन के पदाधिकारीओ ने अलग-अलग बिन्दुओं पर अपने विचार कार्यकर्ताओं के समक्ष रखे।, संघ की कार्यपद्धति के प्रमुख आयाम संगठनात्मक, आन्दोलनात्मक,व रचनात्मक प्रशिक्षण दिया गया। किसान संघ के बार्षिक कार्यक्रम किसान दिवस, गौमाता पूजन,भारत माता पूजन, स्थापना दिवस को अपनी अपनी ग्राम समितियों में जाकर मनाने का सभी से आग्रह किया और अधिक से अधिक किसानों को कार्यक्रमों में शामिल करना है। इस दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में स्थानीय किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। मुख्य बिंदु प्रशिक्षण सत्र कार्यकर्ताओं को गांवों में जाकर प्रवास करने और किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने की जानकारी दी गई। स्वदेशी अपनाने, जैविक खेती करने पर भी जोर दिया।

मध्यप्रदेश के संगठन मंत्री महेश चैधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को विस्तार देने के लिए आगामी समय में भारतीय किसान संघ की सदस्यता होनी है जिसमें जिले से एक लाख सदस्यता करने का लक्ष्य सभी कार्यकर्ताओ को करना है। अभ्यास वर्ग में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओ ने एक-एक गांव को गोद लिया, जिसमें नियमित बैठक करेंगे और ग्राम समिति का गठन करने का लक्ष्य लिया गया। अभ्यास वर्ग में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के संगठन मंत्री महेश चैधरी,प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव प्रान्तीय महामंत्री शिवनंदन,प्रान्तीय सदस्य राजकुमार रघुवंशी, संभाग उपाध्यक्ष रामकिशन, संभाग सदस्य महेन्द्र सिंह, उपस्थित रहें। सभी पदाधिकारीओ का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओ को मिला।

गहोई समाज ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह

राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वी जयंती के अवसर पर गहोई समाज द्वारा रविवार को भव्य एवं गरिमामय चल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रकवि के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति, साहित्य प्रेम और सामाजिक एकता के संदेशों से ओतप्रोत रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ तार वाले बालाजी मंदिर से हुआ, यह चल समारोह गांधी पार्क, इन्द्रापार्क, गौशाला रोड होते हुए मानस भवन पहुंचा, जहां समाज के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने सभी समाज जनों को इस जयंती समारोह की शुभकामनाएं दी। महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने कहा कि समाज का उज्जवल भविष्य तभी है जब समाज एक जुट होकर सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर काम करे, महिलाओं से भी आगे आने का आवाहन किया गया। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर समाज का गहोई गीत नील सेठ,जूली सेठ, प्रीति, सेठ, नेहा सेठ ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलया के संदेश का वाचन रिंकल सेठ ने किया। इसके बाद आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ पर राष्ट्रकवि का चित्र और रथ पर सूर्यनारायण भगवान के चित्र को भी सजाया गया था।

रथ के साथ बड़ी संख्या में समाजजन अनुशासित ढंग से चल रहे थे। महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा और युवाओं का उत्साह समारोह का विशेष आकर्षण रहा। चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए निकला, जहां विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया। यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों और साहित्यिक चेतना के संदेशों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे मार्ग में अनुशासन, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव की सुंदर झलक देखने को मिली।



इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं वक्ताओं ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रिकंल गुप्ता ने कहा कि युवाओं को महासभा की सदस्ता लेकर केन्द्रीय समिति के हाथ मजबूत करना चाहिए, इस दौरान कई बालिकाओं ने मैथलीशरण गुप्त की अमर रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरण और मानव मूल्यों को नई दिशा प्रदान की। उनकी कालजयी कृतियां आज भी समाज को प्रेरणा देती हैं तथा नई पीढ़ी के लिए आदर्श प्रस्तुत करती हैं।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे महापुरुषों की जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का भी अवसर है। समाज को शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव की दिशा में निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। मोहन खैरा ने मैथलीशरण गुप्त के जीवन पर प्रकाश डाला और सुधीर गुप्ता ने मैथलीशरण गुप्त के साहित्य में संवेदनाओं और निश्चल प्रेरम पर प्रकाश डाला। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य वीके गुप्ता ने कहा कि आज जो समाज में उत्साह और उमंग देखने को मिली है इसे हमेशा बनाए रखें। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता ने किया, मंच पर समाज के वरिष्ठ जनों में रमेश छिरौलया, मदन गुप्ता, रमेश नौगरैया मौजूद थे, कार्यक्रम को विजयलक्ष्मी गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गहोई समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



जीरापुर. पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एलएंडटी कम्पनी के कार्यालय जैतपुरा कला स्थित आठवां मील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलएंडटी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्ष द्वारा छायादार पौधे लगाकर श्रीगणेश किया। इस दौरान बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौकेपर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस दौरान कंपनी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर सुधीर गुप्ता, कुलदीप कुमार, दिलीप सिंह, फेजान खान, कृतिका सिक्योरिटी सुपरवाइजर पप्पू दागी, गौतम राठौर,मुकेश दागी, प्रेम सिंह सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर घायल



खुजनेर। पचोर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्डडावनिया के पास रविवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सोनखेड़ा निवासी एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक मांगीलाल प्रजापति (65) वर्ष निवासी ग्राम सोनखेड़ा, थाना छापीहेड़ा, रविवार दोपहर करीब आमला रोड से तेरहवीं कार्यक्रम से लौटकर सोनखेड़ा जा रहे थे इसी दौरान ग्राम चिल्डडावनिया के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर एवं पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल खुजनेर पहुंचाया हादसे में मांगीलाल प्रजापति के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया गया पचोर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

विहिप का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न



सारंगपुर। नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारंगपुर में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग शनिवार दोपहर से प्रारंभ होकर रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में पूरे जिले से जिला एवं प्रखंड स्तर के लगभग 80 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, आचार-पद्धति, कार्य विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं भावी कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर कुल आठ सत्रों के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अभ्यास वर्ग में प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन, सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, प्रचार प्रमुख कपिल शर्मा, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता तथा सहमंत्री मोहन भाटी सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर उद्बोधन देकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सारंगपुर प्रखंड के भी अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दो दिनों तक शिशु मंदिर परिसर में आयोजित इस अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को सहभोज के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



सारंगपुर। सारंगपुर-संडावता मार्ग पर शनिवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा सारंगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिग्नोदीपुरा के समीप में हुआ, जहां किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दुधाखेड़ी निवासी रामेश्वर दांगी (25) पिता राधेश्याम दांगी शनिवार रात करीब 10 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बिग्नोदीपुरा के पास सारंगपुर-संडावता रोड पर पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामेश्वर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया, वहीं दुधाखेड़ी गांव में शोक की लहर फैल गई। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

जिले में शिक्षा के बिगड़ते हालात से बंद होने के कगार पर कई सरकारी स्कूल

सारंगपुर विकासखंड के रामपुराखेड़ा स्कूल में एक भी छात्र नहीं तो कहीं 2 छात्र पर 5 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड के कई शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड में लगभग एक दर्जन ऐसे विद्यालय संचालित हैं, जहां छात्रों की संख्या बेहद कम है, जबकि शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बनी हुई है। इससे सरकारी संसाधनों के उपयोग और शिक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। वहीं विकासखण्ड के ग्राम रामपुराखेड़ा का सबसे चैकाने वाला मामला सामने आया है, जहा पर एक भी प्रवेषित छात्र नहीं होने की स्थिति में वहा पर पदस्थ षिक्षक किसको पढ़ा रहे है। जिले में सरकारी स्कूलों की बिगड़ती षिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे लोगों के लिए परेषानी बनती जा रही है।

इन विद्यालय के भी यह हैं हालात

जानकारी के मुताबिक ग्राम आसारेटा रावत के शासकीय विद्यालय में 2 शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि छात्र संख्या मात्र 1 है। इसी प्रकार ग्राम ग्वाडा में 5 शिक्षक होने के बावजूद केवल 2 छात्र अध्ययनरत हैं। ग्राम हीरापुरा में 2 शिक्षकों के बीच केवल 1 छात्र है। वहीं ग्राम रामपुराखेड़ा का मामला सबसे चैंकाने वाला बताया जा रहा है, जहां 1 शिक्षक पदस्थ है, लेकिन छात्र संख्या शून्य है। बताया जा रहा है कि ऐसे विद्यालयों की संख्या विकासखंड में लगभग एक दर्जन है। यदि एक शिक्षक का औसत मासिक वेतन लगभग एक लाख रुपये माना जाए, तो ऐसे विद्यालयों में हर माह लाखों रुपये का वेतन खर्च हो रहा है, जबकि छात्रों की संख्या नगण्य या शून्य है। इन विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना भी संचालित होना दर्शाया जाता है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि जहां छात्र ही मौजूद नहीं हैं, वहां मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है और उसका लाभ किसे मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग को ऐसे विद्यालयों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन) करना चाहिए, ताकि जहां छात्रों की संख्या अधिक है वहां पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हो सकें। क्षेत्र के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

ब्लॉक के ऐसे स्कूल जहां शिक्षक ज्यादा छात्र कम उन स्कूलों की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। आगे से जो भी आदेष मिलेगा उसका पालन करवाया जाएगा।

सुरेश वीरमाल,
ब्लाक षिक्षा अधिकारी सारंगपुर।

सुठालिया नपा में वारदात

7 गाटर चोरी, नपा कर्मचारी व चालक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर परिषद कार्यालय से दिनदहाड़े लोहे की गाटर चोरी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में नगर परिषद के एक कर्मचारी और ऑटो चालक को पुलिस ने पकड़ा है। चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है। नगर परिषद सुठालिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र चक्रवर्ती ने बताया कि 02.08.26 को शाम करीब 04:30 बजे स्वच्छता पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर ने आकर सूचना दी कि कार्यालय की बाउंड्री के अंदर रखी लोहे की 07 गाटर चोरी हो गई हैं। तलाश के दौरान सुठालिया के पास एक छोटा हाथी (ट्रक) को रोका गया। जांच में उसमें कार्यालय से चोरी हुई 7 गाटर मिलीं। गाटरों पर पहचान के लिए लिखा हुआ था। चालक महेश गिरी पिता कैलाश गिरी निवासी सुठालिया से पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह गाटर नगर पालिका के कर्मचारी विजय पिता बनसिंह केवट के कहने पर चोरी की थी और विजय ने उसे बेचने के लिए कहा था।

पुलिस ने किया मामला दर्ज

चोरी गई गाटरों की कीमत करीब 15,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने चालक महेश गिरी को चोरी के माल के साथ पकड़ लिया है। सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती की शिकायत पर थाना सुठालिया में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पिकअप के गुप्त चेंबर से बरामद

नेशनल हाईवे पर 75 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

रविवार सुबह करीब 9.30 बजे कुरावर थाना प्रभारी जितेंद्र मवई को मुखबिर से सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से राजस्थान के अजमेर की ओर एक बोलेरो पिकअप (आरजे 41 जीबी 1138) में अवैध रूप से गांजा ले जाया जा रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस ने नेशनल हाईवे-46 पर तीज बड़ली हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। प्रारंभिक जांच में पिकअप का पिछला हिस्सा पूरी तरह खाली दिखाई दिया, लेकिन संदेह होने पर थाना प्रभारी जितेंद्र मवई एवं उनकी टीम ने वाहन की गहन तलाशी ली।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पिकअप के पिछले हिस्से के फर्श के नीचे लकड़ी की पट्टियों से बनाया गया एक गुप्त चेंबर था। इस चेंबर को खोलने में पुलिस को करीब दो घंटे का समय लगा। चेंबर खुलने पर उसमें छिपाकर रखा गया 75 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7.5 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना प्रभारी जितेंद्र मवई ने बताया कि मामले में पिकअप मालिक धनराज पिता सत्यनारायण प्रजापति (22 वर्ष) एवं चालक सुरेश पिता नाथू बलाई (35 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम खवास, थाना केकड़ी, जिला अजमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गांजा एवं पिकअप वाहन जब्त कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



खुजनेर। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती पूजन द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं स्थानांतरित शिक्षकों का पुष्पमाला एवं उपर्णा पहनाकर आत्मीय सम्मान किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी गुरुजनों के शिक्षा, संस्कार एवं समाज निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की कार्यक्रम के दौरान गुरुजनों ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए तथा विद्यार्थियों को गुरु के प्रति श्रद्धा, अनुशासन एवं सतत अध्ययन का संदेश दिया। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने सभी अतिथि गुरुजनों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। पूरा वातावरण गुरु वंदना, सम्मान एवं श्रद्धा के भाव से ओत-प्रोत रहा है

स्व. मंजुलता बंसल की स्मृति में नेत्र शिविर से 55 मरीज ऑपरेशन के लिए आनंदपुर रवाना



हरिभूमि न्यूज. माचलपुर। नगर में बजरंग रोड पर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को स्वर्गीय मंजुलता बंसल की पुण्य स्मृति में एक विशाल निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा एवं जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में माचलपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में मरीजों ने अपनी आँखों की जांच करवाई। शिविर के दौरान कुल 226 लोगों का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) किया गया, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। जिसके बाद गंभीर रूप से पीड़ित 55 मरीजों को मोतियाबिंद व अन्य आवश्यक ऑपरेशनों के लिए चयनित किया गया। इन सभी चयनित मरीजों को आगे के सफल ऑपरेशन और संपूर्ण उपचार के लिए सुप्रसिद्ध सतगुरु सेवा ट्रस्ट, आनंदपुर ले जाया गया है, जहाँ उनका निःशुल्क इलाज होगा। इसमें मरीजों ले जाने लाने खाने पीने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इस पुनीत कार्य में बंसल परिवार का विशेष सहयोग रहा शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने और इसे सफल बनाने में बंसल परिवार के महेश चंद्र बंसल, संतोष बंसल व दिनेश बंसल के साथ महेश नगर, अर्पित अग्रवाल, रामप्रसाद सोनी और रमेश जी तिवारी ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और महत्वपूर्ण सेवाएँ दीं।

कलेक्टर के आदेश बेअसर सड़कों पर घूम रहा गोवंश

राहगीर हो रहे परेशान, दुर्घटना का बढ़ा खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

कुछ दिनों पूर्व हुए ब्यावरा सड़क हादसे में 15 से अधिक गोवंश की मौत के बाद प्रशासन ने सड़कों पर स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश को लेकर सख्त रुख अपनाया था। घटना के बाद गोभक्तों में भी भारी नाराजगी देखने को मिली थी तथा कांग्रेस ने गोवंश की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के पांच पशु चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि सड़कों पर गौवंश दिखाई देता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद माचलपुर नगर में हालात नहीं बदले हैं। नगर की मुख्य सड़कों और व्यस्त मार्गों पर अब भी बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम बैठा और घूमता नजर आ रहा है। इससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दिनभर भारी वाहनों, बसों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और नगर परिषद को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिनअभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि गोशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने तथा जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर भटक रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कलेक्टर के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए, आवारा गोवंश को तत्काल गोशालाओं में पहुंचाया जाए ।

बलात्कार, अपहरण व पॉक्सो मामले में आरोपी बरी, प्रथम अपर सत्र न्यायालय का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



प्रथम अपर सत्र न्यायालय, सारंगपुर ने करीब पांच वर्ष से लंबित अपहरण, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक चर्चित मामले में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से बाइज्जत बरी कर दिया। निर्णय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतुलराज भलावी ने सुनाया। मामले की सुनवाई पूर्व में न्यायाधीश चित्रेंद्र सिंह सोलंकी के समक्ष चल रही थी, जिनके स्थानांतरण के बाद शेष विचारण न्यायाधीश अतुलराज भलावी ने पूरा किया। मामला थाना तलेन के अपराध क्रमांक 362/2020 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 366ए, 368, 344, 376 सहित विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 दिसंबर 2020 को उनकी नाबालिग पुत्री, जिसकी आयु घटना के समय लगभग 11 वर्ष 11 माह थी, गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर तलेन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर अपहरण सहित अन्य धाराओं में मामला कायम किया गया।पुलिस के अनुसार, लंबे समय तक तलाश के बावजूद आरोपी और पीड़िता का कोई सुराग नहीं मिला। लगभग चार वर्ष बाद विश्वसनीय सूचना पर पुलिस टीम ने राजस्थान के ब्यावर से दोनों को बरामद किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने गवाह प्रस्तुत किए, जिनका प्रतिपरीक्षण आरोपी के अधिवक्ता दिलीप जाधव ने किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने माना कि अभियोजन आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में सफल नहीं हो सका। इसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को सभी आरोपों से बाइज्जत बरी कर दिया।

गिरीराज भक्त मंडल ने पहली बार निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

छापीबांध से जल लेकर 25 किमी पैदल पहुंचे शिवभक्त, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

श्रावण मास के पावन अवसर पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वावधान में रविवार को पहली बार विशाल कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रातः 9 बजे छापीबांध पर मंडल के सदस्यों ने विधि-विधान से कावड़ पूजन कर पवित्र जल भरा। इसके बाद कावड़ यात्रा छापी बांध से प्रारंभ होकर नगर के खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चैराहा, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चैराहा, माचलपुर रोड ब्रिज, कोडक्या एवं माचलपुर होते हुए गोघटपुर मठ के लिए रवाना हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों को पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराईं।कावड़ यात्रियों ने छापी बांध से पवित्र जल लेकर लगभग 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर गोघटपुर मठ पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की।

